# कार्यालय नगर परिषद, मसौढ़ी (पटना)।

Website- nagarparishadmasaurhi.in/Email Id-npmasaurhi@gmail.com

पत्रांक 945 / दिनांक 09.06.2026

## आम सूचना

सशक्त स्थाई समिति के दिनांक–16.02.2026 के प्रस्ताव सं0–01 में लिये गये निर्णय के आलोक में नगर परिषद, मसौढ़ी को अपने स्वामित्व के विभिन्न सफाई कार्य से संबंधित वाहन, Dewatering Pump, Suction Machine एवं अन्य प्रकार के वाहनों एवं उपकरणों की मरम्मति एवं रख–रखाव के लिए एजेंसी चयन की आवश्यकता है। इस कार्य हेतु इच्छुक एजेंसी/फर्म/कंपनी अपना प्रस्ताव दिनांक–12.06.2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक नगर परिषद, मसौढ़ी कार्यालय के समर्पित कर सकते है। इच्छुक एजेंसी/फर्म/कंपनी को अपने प्रस्ताव दो अलग–अलग सीलबंद लिफाफों में देना होगा। पहले लिफाफे में तकनिकी प्रस्ताव तथा द्वितीय लिफाफे में वित्तीय प्रस्ताव समर्पित करना होगा। तकनिकी प्रस्ताव के साथ निम्नलिखित दस्तावेज समर्पित करना होगा :–

1. एजेंसी/फर्म/कंपनी का पंजीकरण/GST/PAN की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
2. MSME पंजीकरण की छायाप्रति।
3. एजेंसी/फर्म/कंपनी का ISO: 9001 प्रमाण–पत्र।
4. किसी भी सरकारी कार्यालय या नगर निकाय द्वारा काली सूची में नहीं डाले जाने एवं कार्य आवंटन के 15 दिनों के अंदर स्थानीय कार्यालय रखने संबंधी शपथ पत्र।

एजेंसी/फर्म/कंपनी को वित्तीय प्रस्ताव में वाहनों एवं उपकरण के रख–रखाव कार्य के लिए प्रतिमाह राशि (रूपये में) एवं कल पूर्जे के लिए MRP पर Discount का प्रतिशत अंकित करना होगा। इन दोनों मानकों के आधार पर L1 निर्धारित कर एजेंसी/फर्म/कंपनी को कार्य आवंटित किया जायेगा। एजेंसी/फर्म/कंपनी द्वारा वाहनों एवं उपकरणों रख–रखाव के दौरान लगाये गये नये कल–पूर्जे के लिए अतिरिक्त भुगतान किया जायेगा। जो कि वित्तीय प्रस्ताव में अंकित MRP पर Discount के आधार पर भुगतेय होगा। इच्छुक एजेंसी/फर्म/कंपनी को सलाह दी जाती है कि वे प्रस्ताव देने से पूर्व नगर परिषद, मसौढ़ी में मौजूद वाहनों एवं उपकरणों का भौतिक अवलोकन कर ले। सफल एजेंसी/फर्म/कंपनी से कार्य आवंटन के उपरांत अलग से एकरारनामा किया जायेगा, जिसमें कार्य की प्रकृति एवं अन्य शर्तों का विस्तृत प्रावधान होगा।

09.6.26

नगर कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, मसौढ़ी (पटना)।